नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा द्वारा संचालित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम

लव-कुशनगर, मूंदीरोड़, खण्डवा (म.प्र.), दूरभाष-0733-2245000, Fax-0733-2245001
Email: paramedicalgmckhandwa@gmail.com, Website: www.gmckhandwa.org

क्रमांक /8417/ पैरामेडिकल / नं.सि.चौ.शा.चि.म. / 2026 खण्डवा, दिनांक 11.11.2026

अलाइड एण्ड हेल्थकेयर डिग्री / डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विज्ञापन
शैक्षणिक सत्र 2026–27

नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए अलाइड एण्ड हेल्थकेयर डिग्री / डिप्लोमा पाठ्यक्रमों स्ववित्तीय (Self finance) में प्रवेश हेतु आवेदन भारत सरकार, स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय सहबद्ध एवं देखरेख वृत्ति आयोग (National commission for allied and heath care profession) के दिशा निर्देशो के अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदक को बारहवी परीक्षा 10+2 बायोलॉजी समूह से किसी मान्यता प्राप्त संस्था से उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा। बारहवी में भौतिकी, रसायन एवं बायोलॉजी से प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिये जावेगें। आवेदन करने हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अनारक्षित वर्ग के लिए तथा 40 प्रतिशत अंक आरक्षित वर्ग के लिए आवश्यक होंगे। नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा में अलाइड एण्ड हेल्थकेयर डिग्री पाठ्यक्रमों एवं उनमें उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार है:–

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	डिग्री / डिप्लोमा	पाठ्यक्रम की अवधि	छात्रों हेतु उपलब्ध सीट
1.	बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेटरी साइंसेस	डिग्री	4 Year (3+1 Year Internship)	20
2.	डिप्लोमा इन ऑप्थलमिक असिस्टेंट	डिप्लोमा	2 Year + 6 Month Internship)	10

अलाइड एण्ड हेल्थकेयर डिग्री / डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा की वेबसाइट www.gmckhandwa.org से अथवा महाविद्यालय से दिनांक 11.11.2026 से 13.11.2026 तक प्राप्त कर सकतें है।

1. पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान है। **आवेदन शुल्क रूपये 800 / – अनारक्षित वर्ग के लिए एवं 500 / – आरक्षित वर्ग (ST/SC/OBC)** के लिए है। आवेदन शुल्क ऑनलाईन माध्यम से महाविद्यालय के **स्टेट बैक ऑफ इंडिया के खाता क्रमांक 37773559136 IFSC CODE SBIN0012159 में** जमा कर, रसीद आवेदन के साथ जरूर संलग्न करें।
2. आवेदन पत्र को भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 13 / 11 / 2026 है एवं शाम 05:00 बजे के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।
3. डाक द्वारा निर्धारित तिथी के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेंगा।
4. विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा की वेबसाइट www.gmckhandwa.org से प्राप्त की जा सकती है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित आवेदन पत्र जमा करते समय आवेदन पत्र की शुल्क उपरोक्त दर्शाये अनुसार देय होगा।
5. मेरिट सूची चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा की वेबसाइट पर दिनांक 14.11.2026 को अपलोड की जावेंगी तथा पाठ्यक्रमों के प्रवेश एवं कोर्स चयन / प्रवेश के लिए काउसिंलिंग दिनांक 15.11.2026 को आयोजित की जावेंगी, मेरिट सूची एवं काउसिंलिंग (आवंटन प्रकिया) की सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जावेगी, जिसका अवलोकन आवेदको को स्वयं करना होगा, काउंसिलिंग के लिए अलग से कोई सूचना एवं कॉल लेटर जारी नही किया जायेगा।
6. आवेदक की आयु आवेदन की तिथी से 17 वर्ष से कम नही होना चाहिए एवं 45 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
7. प्रवेश के समय सीटों एवं शैक्षणिक शुल्क में शासकीय नियमानुसार कमी एवं वृद्धि की जा सकती है।

नोट :– आगामी कोई भी सूचना के लिए नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा की वेबसाइट www.gmckhandwa.org का अवलोकन करें। किसी भी तरह के बदलाव की पूर्व सूचना के लिए पृथक रूप से सूचित नही किया जावेंगां।

(डॉ. संजय कुमार दादु) 11/11/26
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नंदकुमार सिंह चौहान शा.चि.म. खण्डवा